भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 4755**
**दिनांक 21 अगस्त, 2025**

**धुबरी में पाइपलाइन और प्राकृतिक गैस अवसंरचना**

**†4755. मोहम्मद रकीबुल हुसैनः**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) धुबरी नोकसभा निर्वाचन क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति हेतु पाइपलाइन अवसंरचना में सुधार हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं ताकि घरों और उद्योगों को ऊर्जा तक विश्वसनीय पहुँच सुनिश्चित हो सके;

(ख) क्या सरकार इस निर्वाचन क्षेत्र में ईंधन भंडारण और वितरण सुविधाओं का विस्तार करने की योजना बना रही है ताकि विशेष रूप से पूर्वोत्तर में इस क्षेत्र के सामरिक महत्व को देखते हुए पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके; और

(ग) क्या उक्त निर्वाचन क्षेत्र में बढ़ती वाहन संख्या को देखते हुए और आयातित पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्भरता कम करने के लिए नए पेट्रोल और संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) फिलिंग स्टेशन स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क) से (ग): पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन प्रदान करना, संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) स्टेशनों की स्थापना और पाइपलाइन अवसंरचना का निर्माण, नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का हिस्सा हैं और यह कार्य पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा निर्धारित न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) लक्ष्यों के अनुसार प्राधिकृत कंपनियों द्वारा किया जाता है। प्राधिकृत कंपनियां अपने भौगोलिक क्षेत्र (जीए) में औद्योगिक क्षेत्र के उपभोक्ताओं को माँग और तकनीकी-वाणिज्यिक व्यवहार्यता के अनुसार प्राकृतिक गैस की आपूर्ति भी करती हैं।

धुबरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र जीए के अंतर्गत आता है जिसमें कोकराझार, धुबरी, दक्षिण सलमारा, मनकचर और गोलपारा जिले शामिल हैं। पीएनजीआरबी ने वर्ष 2031 तक जीए में 311962 पीएनजी (घरेलू)

कनेक्शन प्रदान करने, 62 सीएनजी स्टेशन स्थापित करने और 962 इंच-कि.मी. पाइपलाइन बिछाने के एमडब्ल्यूपी लक्ष्य के साथ कोकराझार, धुबरी, दक्षिण सलमारा, मनकचर और गोलपारा जिलों के जीए में सिटी गैस वितरण के विकास के लिए अदानी टोटल गैस लिमिटेड (2022 में) को प्राधिकृत किया है। दिनांक 31.05.2025 की स्थिति के अनुसार, प्राधिकृत सीजीडी कंपनी ने 5 सीएनजी स्टेशन स्थापित किए हैं और जीए में 112 इंच-किमी पाइपलाइन बिछाई है।

देश भर में पेट्रोल और डीज़ल जैसे मोटर ईंधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू),तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) द्वारा खुदरा बिक्री केंद्र (आरओ) नेटवर्क (ग्रामीण/शहरी में) का विस्तार एक सतत प्रक्रिया है। पीएसयू ओएमसी द्वारा क्षेत्रीय सर्वेक्षण और व्यवहार्यता अध्ययनों के आधार पर चिन्हित स्थानों पर आरओ स्थापित किए जाते हैं। पर्याप्त क्षमता वाले और आर्थिक रूप से व्यवहार्य स्थानों को आरओ स्थापित करने की मार्केटिंग योजना में शामिल किया जाता है। दिनांक 01.08.2025 की स्थिति के अनुसार, धुबरी जिले में पीएसयू ओएमसी के 47 आरओ हैं।

क्षेत्र की सामान्य आपूर्ति एवं मांग परिदृश्य के अनुसार डिपो/टर्मिनल की आर्थिक व्यवहार्यता और आपूर्ति लागत में समग्र कमी लाने हेतु अनुकूलन अध्ययन के आधार पर सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) द्वारा पेट्रोलियम उत्पादों के भंडारण हेतु तेल डिपो/टर्मिनल खोलना एक सतत प्रक्रिया है। वर्तमान में, पीएसयू ओएमसी द्वारा धुबरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में तेल डिपो स्थापित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****